भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2723

19 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए नियत

चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना

2723. श्री दुर्गा दास उइके:

श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेल:

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों के तेजी से विनिर्माण की योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश में स्थापित किए गए चार्जिंग स्टेशनों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन देने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं;

(ग) क्या मध्य प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहन योजना के अंतर्गत कोई राजसहायता प्रदान की जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार मध्य प्रदेश में प्रदूषणमुक्त वाहनों को प्रोत्साहन देने के लिए क्या प्रयास कर रही है?

उत्तर

भारी उद्योग राज्य मंत्री

(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)

(क) : फेम इंडिया स्कीम चरण-II के अंतर्गत मध्य प्रदेश राज्य के लिए कुल 375 चार्जिंग स्टेशन स्वीकृत किए गए हैं जैसा कि **अनुलग्नक** में दिया गया है।

(ख) से (घ) : देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए मध्य प्रदेश राज्य सहित अखिल भारतीय आधार पर भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा निम्नलिखित तीन स्कीमें तैयार की गई हैः

i. भारत में हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों का तीव्र अंगीकरण और विनिर्माण (फ़ेम इंडिया): सरकार ने फ़ेम इंडिया स्कीम के चरण-II को 1 अप्रैल, 2019 से पांच वर्ष की अवधि के लिए कुल 10,000 करोड़ रुपये की बजटीय सहायता से अधिसूचित किया है। फ़ेम-इंडिया स्कीम, चरण-II के तहत, इलेक्ट्रिक वाहनों के खरीदारों को इलेक्ट्रिक वाहनों के खरीद मूल्य में अग्रिम कटौती के रूप में आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है। यह प्रोत्साहन बैटरी क्षमता से जुड़ा हुआ है अर्थात् ई-दुपहिया के लिए 10,000 रुपये प्रति किलोवाट घंटा जो वाहन लागत का 15% और ई-तिपहिया के लिए 10,000 रुपये प्रति किलोवाट घंटा जो वाहन लागत का अधिकतम 20% होगा।

ii. ऑटोमोबिल और ऑटो संघटक उद्योग के लिए उत्पादन-सम्बद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) स्कीम: सरकार ने 25,938 करोड़ रुपये के बजटीय परिव्यय से ऑटोमोटिव क्षेत्र के लिए पीएलआई स्कीम को 15 सितंबर, 2021 को मंजूरी दी। यह स्कीम इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 18% तक प्रोत्साहन प्रदान करती है।

iii. 'राष्ट्रीय उन्नत रसायन सेल (एसीसी) बैटरी भंडारण कार्यक्रम' के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन स्कीम: सरकार ने देश में एसीसी के विनिर्माण के लिए पीएलआई स्कीम को 18,100 करोड़ रुपये के बजटीय परिव्यय से 12 मई, 2021 को मंजूरी दी। इस स्कीम में 50 गीगावाट घंटे के लिए देश में प्रतिस्पर्धी एसीसी बैटरी विनिर्माण व्यवस्था स्थापित करने की परिकल्पना की गई है। इसके अतिरिक्त, इस स्कीम में 5 गीगावाट घंटे की उत्कृष्ट एसीसी प्रौद्योगिकियां भी शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ाने के लिए भारत सरकार द्वारा निम्नलिखित पहल भी की गई हैं -

i. इलेक्ट्रिक वाहनों और इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जर/चार्जिंग स्टेशनों पर जीएसटी को घटाकर 5% कर दिया गया है।

ii. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने घोषणा की है कि बैटरी-चालित वाहनों को हरी लाइसेंस प्लेट दी जाएगी और उन्हें परमिट की आवश्यकता नहीं होगी।

iii. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर राज्यों को इलेक्ट्रिक वाहनों पर पथ-कर माफ करने की सलाह दी है जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों की प्रारंभिक लागत को कम करने में मदद मिलेगी।

****

अनुलग्नक

फेम-II के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य के लिए संस्वीकृत 375 चार्जिंग स्टेशनों का विवरण

स्थान	चार्जिंग स्टेशनों की संख्या
अन्य शहर/राजमार्ग	54
इंदौर	46
ग्वालियर	33
भोपाल	29
जबलपुर	20
सागर	18
सतना	10
देवास	9
राऊ	7
रायसेन	7
उज्जैन	7
दतिया	5
गुना	4
छिंदवाड़ा	3
नरसिंहपुर	3
सिवनी	3
डबरा	3
मुरैना	3
राजगढ़	2
छिंदवाड़ा	2
सीधी	2
महू	2
ब्यावरा	2
बड़वानी	2
शिवपुरी	2
हरदा	2
कटनी	2
नरसिंहपुर	2

मंडीदीप	2
छतरपुर	2
करेली	2
उमरिया	2
सेवढ़ा दतिया	1
पिपरिया	1
गाडरवारा	1
गंज बासौदा	1
बरेली	1
भाटखेड़ी	1
सोनापिपरी	1
गुरोड	1
पचौर	1
भिंड	1
चौपड़कला	1
भोजपुरा तालुका बैरसिया	1
बेतुल	1
इछावर	1
धनेली	1
इंदरगढ़	1
तहसील कसरावद	1
बैस जिला विदिशा	1
निहालपुर	1
बकैनिया	1
पनवाड़ी	1
जावर	1
रायरू	1
झाबुआ	1
राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामपुरिया	1
बिजनहाई	1
सबलगढ़	1
करेरा	1

सीहोर	1
करुआ	1
शाजापुर	1
कसाई	1
सिलवानी	1
बीनागंज	1
तहसील आष्टा	1
खमरिया निमावर	1
तेवड़ी	1
खरगोन	1
नसरुल्लागंज	1
कोठरी	1
छोटादेवरी	1
लाडकुई	1
पनिहार	1
लखनादौन	1
परासिया	1
लसूड़िया	1
पोरसा	1
बायोरा	1
बारबाटी	1
विजयपुर	1
राजपुरा (मानपुर)	1
अलीगंज	1
रतनपुर	1
बीरगोड	1
रीवा	1
मंडला	1
अवान	1
मंडलेश्वर	1
सतनूर	1
मनगवां	1

सेंधवा	1
मटकुली	1
धनेला	1
मेधाताल	1
श्योपुर	1
मेठवाड़ा	1
फ़तेहपुर	1
चंदनगांव	1
सिमरिया	1
छतरपुर	1
सुवरकोटा	1
मुंगावली	1
तहसील जावर	1
नागोद	1
टेकनपुर	1
नैनागिर	1
टीही	1
बलवाड़ा	1
बंगला चौराहा	1
महेश्वर	1
रायरू से ग्राम करगवां एलएचएस	1
मैहर	1
मालथोन	1
कुल योग	375

******